पुतला दहन

भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और कांग्रेस अपमान : जालम सिंह पटेल

# सुभाष पार्क चौराहे पर जीतू पटवारी का पुतला फूंका

**नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन एवं महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विवादित बयान के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए स्थानीय सुभाष पार्क चौराहे पर जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया इस दौरान उनके द्वारा दिए गए महिला विरोधी वक्तव्य के खिलाफ गुस्सा प्रकट करते हुए नारेबाजी की गई व उनसे माफी मांगने की मांग की गई। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी ने कहा कि जब देश और प्रदेश में हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा था तब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिला विरोधी बयान देकर उन बहनों को नीचा दिखाकर आक्रोशित किया है। आज के दिन तो महिलाएं पानी भी नहीं पीतीं और जीतू पटवारी कह रहे हैं कि वो सबसे ज्यादा शराब पीतीं हैं। यह हमारे पूरे प्रदेश की बहन-बेटियों का अपमान है। कांग्रेस नेता प्रदेश में लगातार हार का सामना कर रहे हैं, इसलिए बौखलाहट में गलत बयानबाजी करके सुर्खियां में बने रहना चाहते हैं। जीतू पटवारी हीनभावना से ग्रसित हैं और उन्हें कुछ सूझ नहीं रहा है।



## पूरा प्रदेश अपमानित महसूस कर रहा

यह सिर्फ बहनों का नहीं, उनकी पहचान, संस्कार और पूरी परिवार व्यवस्था का अपमान है और पूरा प्रदेश अपमानित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान बहुत ही शर्मनाक है। जब हरतालिका तीज पर बहने निर्जला उपवास करती हैं, ऐसे समय में इस तरह का बयान देना प्रदेश की बहनों का अपमान है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनके सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस उनका लगातार अपमान कर रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यक्रम कन्यापूजन से शुरू होते रहे हैं। जबकि कांग्रेस में महिलाओं को कभी तंदूर में जलाया जाता है, तो कभी आत्महत्या करने पर विवश कर दिया जाता है। नरसिंहपुर नगरपालिका अध्यक्ष पं. नीरज महाराज ने कहा कि कांग्रेस और उसके अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर अपना चाल, चरित्र और चेहरा उजागर कर दिया है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा से महिलाओं का अपमान करने की रही है।

## अपमान बर्दाश्त नहीं

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी स्वयं महिला हैं, क्या जीतू पटवारी के बयान से वह सहमत हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जब तक महिलाओं से माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें प्रदेश की बहनें कभी माफ नहीं करेंगी। मध्यप्रदेश की बहने अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगी और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को सबक सिखाने के लिए तैयार रहेगी। जीतू पटवारी अपने दिए हुए बयान के लिए तत्काल मांफी मांगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि इस दौरान विभिन्न भाजपा नेता व अनुसांगिक संगठन के नेताओं ने भी अपना आक्रोश वक्तव्य के द्वारा प्रकट किया पुतला दहन कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र पीतमपुरी गोस्वामी व आभार नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा द्वारा किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या मे पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हरि तालिका तीज पर महिलाओं ने रखा व्रत

**तेंदूखेड़ा।** कठिन उपासना का पर्व हरि तालिका तीज पर सौभाग्यवती महिलाओं ने और कुंवारी युवतियों द्वारा भगवान शिव पार्वती की विशेष पूजन अर्चना की गई। तीज व्रत में भगवान शिव माता पार्वती और गणेश भगवान की पूजा की जाती है। विवाहित स्त्रियां इस व्रत को पति की लंबी उम्र और खुशहाल जीवन की कामना से रखती हैं तो वहीं अविवाहित लड़कियां अच्छे वर की प्राप्ति के लिए हरतालिका तीज व्रत पूजन में कथा सुनना बेहद जरूरी माना जाता है। मान्यता है कि हरतालिका व्रत कथा स्वयं भगवान शिव ने ही मां पार्वती को सुनाई थी। महिलाएं अखंड सुहाग के लिए निर्जला और निराहार व्रत रहती है।आसपास के सभी ग्रामों में हरितालिका तीज का पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राधा कृष्ण मंदिर में सायंकाल से लेकर सुबह तक भगवान शिव शंकर के भजन कीर्तन देर रात्रि तक चलते रहे।

# एनएचआई ने जनसुविधाओं का नहीं रखा ध्यान

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां सड़क मार्गों को बेहतर बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। एक्सप्रेस हाइवे भी सुलभ यात्रा और जन सुविधाओं को लेकर बनाये जा रहें हैं।साथ ही संपूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता अभियान के तहत जहां तहां सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा घरों की व्यवस्थायें मुहैया कराई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ भारत वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण राष्टीय राजमार्ग क्रमांक 44 झांसी नागपुर और राष्टीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर जयपुर को जोड़ने वाले सड़क मार्ग राजमार्ग चौराहे पर सुलभ काम्प्लेक्स की सुविधा ना होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के समय निर्धारित मापदंडों के आधार पर भूमी तो अधिकृत कर ली गई है लेकिन जन सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।इस राजमार्ग चौराहे पर प्रतिदिन हजारों वाहन निकलते हैं। और सागर नरसिंहपुर जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग से आने वाली विभिन्न यात्री वाहनों के यात्रियों को बस स्टैंड पर बसों के रुकने पर लघु संका हेतु यहां वहां भटकना पड़ता है।दिन के समय चौराहा पर दुकानें खुल जाने वाहनों की आवाजाही के बीच लघु संका नहीं कर पाते हैं। यहां पर एक सर्व सुविधायुक्त सुलभ काम्प्लेक्स की नितांत आवश्यकता है।



## पानी के लिए केवल एक मात्र हेडपंप

यह राजमार्ग चौराहा लोलरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। और पूर्व में यहां पर एक हेडपंप लगाया गया था जिसका उपयोग यहां के दिहाड़ी दुकानदारों के साथ यात्रियों और साप्ताहिक बाजार में आने वाले दुकानदार किया करतें हैं। यदि एन एच आई के अधिकारियों द्वारा ध्यान दे दिया जाये तो इस स्थान पर एक सुंदर व्यवस्थित प्रसाधन घर और इस हेडपंप में विद्युत मोटर बालक डालकर ऊपर टंकी रखकर पेयजल व्यवस्था भी सुलभ कराई जा सकती है। स्थानीय लोगों दुकान दारों का कहना है कि यह सुविधा पूर्व में राजमार्ग चौराहे पर स्थित थाना परिसर में बनीं हुई थी लेकिन अब उसमें ताला लगा हुआ है।थाना भी सुआतला स्थानांतरित हो गया है इसलिए सुविधा भी बंद हो गई है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही भी लगातार लगी रहती है। स्वच्छता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए राजमार्ग चौराहे पर सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा शीघ्र बनाये जाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है।

## पसरता जा रहा दिनों दिन अतिक्रमण

राजमार्ग चौराहे पर आये दिन बाहन दुर्घटनायें बढ़ती चली जा रही है।भारी बड़े वाहनों को कंटेनरों को काटने मोड़ने में बड़ी परेशानी हुआ करती है। मुख्य सड़क मार्गों पर अतिक्रमण भी पसरता चला जा रहा है। पिछले दिनों में लगातार हुई घटनाओं दुर्घटनाओं से अभी तक सबक नहीं नहीं लिया है।



# कल्याणपुर में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा।** गत मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में अतिथि व्याख्यान हेतु जवाहरलाल कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर ब्रज किशोर शर्मा एवं डॉक्टर दिनेश कुमार पंचेश्वर का आगमन हुआ। उन्होंने पालकों,सभी ग्राम वासियों एवं छात्र-छात्राओं को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीक एवं कृषि मृदा के बारे में बताया। साथ ही कृषि क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर प्रकाश डाला एवं नवीन कृषि तकनीक अपनाने तथा कृषि के साथ अतिरिक्त आय प्राप्त करने हेतु पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी आदि पर मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। उन्होंने छात्रों के लिए कहा कि आप देश का आगामी भविष्य है आप कृषि में अपनी रुचि को बढ़ाए कृषि लागत घटाएं एवं उत्पादन बढ़ाने पर जोर दें।साथ ही उन्होंने बताया कि मृदा जीवित है मृत नहीं यदि फसल अवशेषों मैं आग लगाई जाती है तो 3 इंच मृदा मृत हो जाती है इसका पीएच मान परिवर्तित हो जाता है।

# सड़कों पर फैल रही गंदगी और भरा पानी

**नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा पंचायतों के विकास को लेकर मनमानी राशि प्रदान करते हुये पंचायतों के विकास का सपना देखा जा रहा है तो दूसरी ओर जिन पंचायतों को निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा प्रदान किया गया है उन पंचायतों को स्वच्छता के नाम पर अतिरिक्त राशि प्रदान की जा रही है।

मगर इसके बाद निर्मल घोषित पंचायतों की सच्चाई देखते हुये यह सबाल खड़ा होने से नही चूक पाता है कि आखिरकार इन पंचायतों को अधिकारियों द्वारा किन मापदंडो के आधार पर निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा प्रदान किया गया है। वही दूसरी ओर बीते हुये तीन साल के कार्यकाल के दौरान




पंचायत विकास के नाम पर जो राशि प्रदान की गई है उसका कहा उपयोग किया गया है यदि निष्ठा के साथ जांच हो जाती है तो निर्मल ग्राम पंचायत पर मलाई खाने वाले पंचायतों के जन प्रतिनिधियों से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की पोल खुलने में कोई कसर बाकी नही रहेगी। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सहावन में देखने मिल रही है। कहने के लिये तो इस ग्राम पंचायत को निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा मिला हुआ है। मगर ग्राम की सड़को पर फैल रही गंदगी जहां पंचायत के स्वच्छता अभियान की पोल खोलते हुये देखने मिल रही है। वही दूसरी ओर सड़को के बीच भरा हुआ पानी इस बात की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है कि कही ऐसा तो नही अब पंचायत द्वारा सड़क पर ही मछली पालन करने की तैयारियां की जा रही है। निर्मल ग्राम पंचायत का दर्जा पाने वाली ग्राम पंचायत सहावन की सड़कों के ऊपर फैल रही गंदगी सहित पानी के चलते जहां स्कूली बच्चों का आना जाना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर गंदा पानी एकत्र रहने के लिये मच्छरों के चलते गांव में डेगू फैलने की संभावना।



# निर्जला व्रत कर सुहागिनों ने लिया आशीर्वाद

**गोटेगांव।** हरतालिका तीज पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग परिसर स्थित शिव मंदिर में सुहागिन महिलाओं एवं कुंवारी लड़कियों ने बड़े ही उत्साह के साथ श्रद्धा पूर्वक भक्ति भाव से निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव माता पार्वती की पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने भगवान शिव पार्वती माता से प्रार्थना की, सुहागिन जिया कृपलानी बताती है कि आज के दिन मां पार्वती मैया ने भगवान भोले बाबा के लिए यह व्रत निर्जला रखकर पूजन अर्चन किया था, इसीलिए हम सभी सुहागन महिलाओं ने अपने दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि के साथ-साथ हर मनोकामनाएं पूर्ण हो।

## एक नजर में



### आमगांव छोटा में विदाई कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा।** विगत दिवस ग्राम आमगांव छोटा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक रमाकांत पाराशर का उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ऋचा स्थापक, ग्राम सरपंच प्रसन्न शर्मा, जनपद पंचायत सदस्य शुभम कौरव, समाजसेवी प्रमोद कुमार राजौरिया, कृष्णकांत शर्मा, जनप्रतिनिधि इंदर सिंह वर्मा, महेन्द्र वर्मा, गेंदालाल वर्मा, मनीष स्थापक, अनुज स्थापक,उप सरपंच आशीष वर्मा, प्रीतम शर्मा, राजेंद्र त्रिवेदी, बी आर सी साईखेड़ा संदीप स्थापक, मिडवानी प्राचार्य प्रतुल इन्दुरख्या, झाँझनखेड़ा प्राचार्य गिरीश पटेल, पूर्व प्राचार्य श्रीमती आरती पाठक, बीएसी पवन राजौरिया सहित श्री पाराशर के परिवारजन, विद्यालय से सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षकगण एवं अन्य कर्मचारियों के साथ समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों द्वारा श्री पाराशर को शाल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा भी उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे ने समस्त उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रधानपाठक एस के शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विजेंद्र पटेल ने किया।

### सरपंच के भतीजे ने फिर से बच्चियों को रास्ते में रोककर मारपीट की

**गाडरवारा।** थाना डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धमेटा से है जहां लगातार विवादों में घिरे सरपंच के भतिजे का एक बार फिर स्कूल की बच्चियों को रास्ते में रोक कर मारपीट अभद्रता और भद्दी भद्दी गाली गलौज कर धमकाते हुए पैसे मांगे 7 दिन में ना देने पर जान से मारने की धमकी दी जिससे स्कूल की छात्राओं में डर का माहौल बना हुआ है वहीं छात्रों की शिकायत पर थाना थाना प्रभारी डोंगरगांव रोहित कंकोडिया ने धमेटा निबासी अर्पित कौरव पर बी एन एस 2023 की धारा296,126(2),115(2),119(1),351(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### कुल्हाड़ी लगने से घायल

**गाडरवारा।** समीपस्थ पलोहा थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम भटेरा निवासी अमित पिता कल्लू सिंह राजपूत द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में खेत मवेशी चराने के लिये जा रहा था उसी दौरान तिरहा के पास संतोष राजपूत मिला और पुरानी बुराई को लेकर झूमा झटकी करने लगा। इसी दौरान संतोष जो कुल्हाडी रखे हुये था वह कुल्हाड़ी सिर में लग जाने के चलते प्रार्थी के घायल हो गया। इसी दौरान संतोष का चाचा का लड़का साहब सिंह राजपूत आ गया जिसने प्रार्थी के साथ डंडे से मारपीट की गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।



# कलचुरी समाज महिला मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**गोटेगांव।** विगतदिवस शंकराचार्य कॉलोनी स्थित मनीषा रघुनाथ राय के निवास स्थान पर बैठक भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा आरती और गणेश वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित की गई । इस अवसर पर कलचुरी समाज की चयनित पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। ऐसे आयोजनों से समाज में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिलता है। कलचुरी समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी के गठन से समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के कार्यों में नई ऊर्जा और गति मिलने की उम्मीद है। नवनिर्वाचित पदाधिकारी- मनीषा रघुनाथ राय को अध्यक्ष पद पर चुना गया, शिल्पा राय एवं सुरंजना चौकसे को उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों में ऋतु अमित राय मंजू राय को महामंत्री एवं प्रियंका निलेश राय सरोज राय सचिव, रेखा राय संध्या राय कोषाध्यक्ष पद पर चयन किया गया। संगठन की भूमिका कलचुरी महिला मंडल समाज में महिलाओं के उत्थान और सेवा कार्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# रोड नहीं होने से रेवा नगर कॉलोनी के वाशिंदे है परेशान

**गोटेगांव।** नगर स्थित रेवा नगर कॉलोनी के वाशिंदे रोड की दयनीय स्थिति के कारण हलकान परेशान है यहां से गुजरने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं सहित यहां पर निवास कर रहे वाशिंदों का कहना है यहां पर पानी निकासी नहीं होने के कारण हम सभी को यहां पर बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लगातार यहां पर पानी भर जाने के कारण जीव जंतु सांप का खतरा बना रहता है कॉलोनी वासियों ने बताया कि कॉलोनी ऑर्गेनाइजर ने कॉलोनी तो बना दी लेकिन रोड नहीं बनाई जबकि इस कॉलोनी में सभी ऑफिशियल वर्ग सरकारी कर्मचारी लोग निवास करते हैं और सबसे बड़ी विडंबना यहां पर यह है कि स्कूली बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और ना ही हम सभी अपनी रोजमर्रा की चीजों के लिए मार्केट पहुंच पा रहे हैं एवं रोजाना छिटपुट चोटिल घटनाएं भी हो रही है।

# संभाग स्तरीय शालेय पिट्ठू प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रदर्शन



**गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय पीएमश्री कन्या नवीन उ.मा. विद्यालय में संभागीय शालेय पिट्ठू प्रतियोगिता बालक/ बालिका 19 वर्ष का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के जबलपुर, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, मण्डला एव मेजबान जिला नरसिंहपुर सहित कुल 06 जिले से आये हुये 170 बालक/ बालिकाओं ने भाग लिया गया। इस दौरान सभी टीमों के कोच एवं मैनेजर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में एवं पूर्व विधायक नरेश पाठक, साधना स्थापक. मिनेन्द्र डागा, चन्द्रकान्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वही इस दौरान बसती पालीवाल, शिरोमणी चौधरी, सुरेन्द्र गुर्जर (पार्षद), शुभम ठाकुर (पार्षद) के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थें।

कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता ने किया। वही शुभारंभ कार्यक्रम के उपरांत प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमे बालक वर्ग से जबलपुर जिला विजेता एवं नरसिंहपुर उपविजेता रहा। वही बालिका वर्ग में जबलपुर विजेता एवं बालाघाट उपविजेता रहा। प्रतियोगिता उपरांत पुरुष्कार वितरण समारोह पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ममता पाण्डेय, संजय राजोरिया, रीतेश राम, हर्ष पाठक, पूजा तिवारी(पार्षद) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में प्रकाश राजपूत जयपुर, इमाम खान, ज्योति धानक, परेश शर्मा, आदित्य द्विवेदी, अजीत उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद थें। प्रतियोगिता संपन्न कराने में जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय कंजर, संयोजक प्राचार्य श्रीमठी लेखा कौरव, अनुज जैन, मुकेश पटेल, अजय सोनी, आरिज खान, के के दुबे, चंद्रकांत साहू, प्रशांत पटैल मौजूद रहे।

# ब्रम्हलीन शंकराचार्य के प्रकटोत्सव पर हुए विविध धार्मिक आयोजन

## एक लाख कमल पुष्पों से शंकराचार्य ने किया भगवती का अभिषेक

**गोटेगांव।** बीते दिवस ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की आराध्य देवी त्रिपुर सुंदरी भगवती राजराजेश्वरी देवी का द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने एक लाख कमल पुष्पों से मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक मंदिर के गर्भगृह में किया। वहीं 101 सुभासनी के द्वारा मंदिर परिसर स्थल पर एक लाख किशमिश से लक्षार्चन करने का कार्य पूरा किया गया है। वहीं ब्रह्मलीन शंकराचार्य की समाधी स्थल पर शंकराचार्य सदानंद सरस्वती एवं महामंडलेश्वर आचार्य रामकृष्णानंद के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना स्थापित स्फटिक शिवलिंग पर की गई। इसके बाद मोतीचूर के लड्डूओं का महाप्रसाद का वितरण किया गया।

महा भंडारे का आयोजन- हरितालिका तीजा के दिन ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का 101



प्रकटोत्सव होने पर दो स्थलों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां पर भक्तों ने उपस्थित होकर भंडारे के जरिए महाप्रसाद को अर्जित किया। भव्यता से निकाली पालकी यात्रा परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर मेला स्थल ज्योतिश्वर शिव मंदिर से ब्रह्मलीन शंकराचार्य की समाधी स्थल तक भव्यता के साथ पालकी यात्रा निकाली गई। जिसमें आस पास के गांव के लोगों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जगह जगह पर पालकी यात्रा का अभिनंदन किया गया। वहीं गांव के भक्त गण श्रीनगर से पैदल ध्वजा लेकर झौंतेश्वरद पहुंचे और अपनी आस्था को प्रगट किया। निःशुल्क अस्थि रोग शिविर शंकराचार्य नेत्रालय परिसर में शंकराचार्य के जन्म दिवस पर निःशुल्क अस्थि रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के द्वारा किया गया। इस शिविर में रोगियों ने उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाया। इस शिविर में डॉ. रजनीश कांत एवं अस्थि चिकित्सक डॉ. वशिष्ट शर्मा ने मरीजों को सेवाएं दी।

## शंकराचार्य जीके आशीर्वाद वचन

परमहंसी गंगा आश्रम के सत्संग प्रवचन स्थल पर द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती बाल्मीकी रामायण का रसपान श्रोताओ को कराते हुए कहा कि भारत देश में सबसे अधिक रामकथा को सुना जाता है। अब विदेशों में भी रामकथा को सुनने वालों की संया बढ़ गई है। कुछ विधर्मी लोग सनातन धर्म को नष्ट करने का प्रयास अवश्य कर रहे हैं, जब तक मानव अपने सनातन धर्म का त्याग नहीं करेगा तब तक सनातन धर्म का पतन कभी नहीं हो पाएगा। आपने कहा कि कुछ संत नेताओ की भाषा बोल कर उनके मसूंबों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे संतों को कभी नेताओं की भाषा नहीं बोलना चाहिए।आपने रामकथा के प्रसंगों को सुनाते हुए।

# खटारा बसों के भरोसे स्कूलों में पहुंच रहे मासूम

**गाडरवारा।** जहां एक ओर शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों को अनेक प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। वही नगर में जहां तहां खुल रही शिक्षण संस्थाओं में भी सरकार द्वारा आदेश जारी किये गये है,कि वह अपनी संस्थाओं में 25 प्रतिशत ऐसे गरीब बच्चों को प्रवेश देवे जो अपनी फीस देने में सक्ष्म न हो,जिसमें इस योजना का सही तरह से प्रचार प्रसार नही होने के कारण अभिभावक एक ओर ध्यान ही नही दे पा रहे है,और जो लोग इस बात को समझ रहे है। वह जब निजी शिक्षण संस्थाओं में जाते है तो वहां के संचालकों द्वारा उन्हें गुमराह कर इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अनेक प्रकार की खानापूर्ति करने की बात को लेकर प्रवेश अधर में लटका देने से गरीब बच्चों को निजी शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश नही मिल पा रहा है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर में चल रही अनेक निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले बच्चों के अभिभावकों से संस्थाओं द्वारा फीस तो अपने मन के



मुताबिक बसूली की जाती है। मगर उन्हें शुरूआती तोर पर जो सुविधाएं देने की बात कही जाती है। वह मात्र दिखाबा साबित होती नजर आती है,जिसके तहत यदि देखा जावे तो बच्चों को लाने ले जाने के लिए अनेक शिक्षण संस्थाओं में बसे चल रही है, मगर उन बसों की स्थिति यह देखी जाती है कि अनेक संस्थाओं के पास उनके चलाने हेतु परमिट तक नही होते है तथा उनमें बच्चों को भेड़ बकरी की तरह भरा जाता है। इतना ही नही कई संस्थाओं में चलने वाली बसों की स्थिति तो यह तक देखी जा रही है कि उन्हें धक्का देकर स्टार्ट किया जाता है। अब पता नही क्या शिक्षण संस्थाएं इसी बात की फीस बसूल कर रही है।